राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या–89/2024

<u>राज्यपाल ने टी०बी० रोगियों को पौष्टिक आहार का किट वितरित किया</u>

पटना, 22 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के राजेन्द्र मंडप में प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत 25 टी०बी० रोगियों को पौष्टिक आहार का किट वितरित किया।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी, उप जिला शाखा, पटना सिटी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने लोगों से प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि वे देश एवं राज्य को टी०बी० मुक्त करने का संकल्प लें तथा नि–क्षय मित्र बनकर टी०बी० रोगियों की मदद करें। उन्होंने कहा कि टी०बी० रोगियों को रोगमुक्त कराने में चिकित्सकों के अलावा हमारा भी दायित्व है। नि–क्षय मित्र बनकर हम उन्हें पौष्टिक आहार का किट उपलब्ध करा सकते हैं। हमें अन्य लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने एवं नि–क्षय मित्र बनने हेतु प्रेरित करना चाहिए। रोगियों का भी दायित्व है कि वे नियमित रूप से दवाओं का सेवन करें और पौष्टिक आहार लें।

राज्यपाल ने कहा कि 02 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान को शुरू किया गया था। वर्तमान में टी०बी० के लगभग 1 लाख 80 हजार मरीज बिहार में हैं। हमें नि–क्षय मित्र बनकर उन्हें रोगमुक्त होने में सहयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, अपर निदेशक–सह–राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (यक्ष्मा), डॉ० बाल कृष्ण मिश्रा, पटना के सिविल सर्जन डॉ० मिथिलेश्वर कुमार, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उप जिला शाखा, पटना सिटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द कनोडिया, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण, पौष्टिक आहार का किट प्राप्त करनेवाले टी०बी० के मरीज तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....